शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारास्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशारोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमांक 925-A/अका./2024 रायगढ़, दिनाँक 09/07/2024

// अधिसूचना //

छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 17–83/2018/38–2 नया रायपुर अटल नगर रायपुर दिनांक 07.06.2024 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 का अकादमिक कैलेण्डर एवं पत्र क्रमांक एफ 17–95/2017/38–2 नया रायपुर अटल नगर रायपुर दिनांक 07.06.2024 के द्वारा सत्र 2024–25 हेतु प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी किया गया है, जिसके अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया (विश्वविद्यालय के वेबसाइट https://snpv.ac.in पर उपलब्ध ऑन–लाइन पोर्टल लिंक) के अंतर्गत पंजीयन एवं प्रवेश के संबंध में निम्नानुसार समय सारिणी जारी की जाती है:–

स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर हेतु पंजीयन एवं प्रवेश

क्र.	विवरण	तिथि
01	ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि	09.07.2024 दिन बुधवार से
02	ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश हेतु पंजीयन की निर्धारित अंतिम तिथि	21.07.2024 दिन रविवार रात्रि 12:00 बजे तक
03	विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पार्टल से महाविद्यालयों द्वारा (संस्था के डैशबोर्ड पर) आवेदित अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त करने की तिथि	22.07.2024 दिन सोमवार प्रातः 08:00 बजे से
04	महाविद्यालयों द्वारा की प्रथम मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि	22.07.2024 दिन सोमवार समय दोपहर 12 बजे तक
05	संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	25.07.2024 दिन गुरूवार
06	स्थान रिक्त होने पर संबंधित महाविद्यालय द्वारा द्वितीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि	26.07.2024 दिन शुक्रवार समय दोपहर 12 बजे तक
07	संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी की द्वितीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	29.07.2024 दिन सोमवार
08	स्थान रिक्त होने पर संबंधित महाविद्यालय द्वारा तृतीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि	30.07.2024 दिन मंगलवार समय दोपहर 12 बजे तक
09	संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी तृतीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	31.07.2024 दिन बुधवार
10	स्थान रिक्त होने पर शासन द्वारा घोषित प्रवेश की अंतिम तिथि 31.07.2024 तक ही नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।	

टीपः– विधि (एल.एल.बी.) पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत एल.एल.एम. हेतु पृथक से प्रवेश एवं पंजीयन हेतु समय सारिणी जारी की जावेगी।

उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया संपादित किया जाना है। जिसमें महाविद्यालयों द्वारा नियमानुसार प्रवेश दिये जाने के उपरांत प्रवेशित छात्र–छात्राओं की आई.डी. महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से परीक्षण उपरांत सावधानीपूर्वक लॉक किया जाना अनिवार्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रवेश प्रभारी की होगी। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया में सत्र 2024–25 के लिये जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत का अनिवार्यतः पालन करायेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 926-A/अका./2024 रायगढ़, दिनाँक 09/07/2024

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निज सचिव को माननीय कुलसचिव महोदया के सादर सूचनार्थ।
4. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) को सूचनार्थ।
6. संपादक/संवादाता दैनिक ....
   समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्र हित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (अका.)